>

Title: Business of the House regarding Demand for Grant.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, छः अनुदान मांगों पर चर्चा होनी है । पिछले कुछ दिनों सदन नहीं चला । अगर सदन की सहमति हो, पूरा सदन इस बात से सहमत हो, तो शनिवार और रविवार को भी इन पर चर्चा चलाई जा सकती है ।

अनेक माननीय सदस्य: नो…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नो?

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मंत्री जी, आप इसके बारे में क्या कहना चाहते हैं?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): अध्यक्ष महोदय, आप सदन का रूप देख ही रहे हैं ।

माननीय अध्यक्ष : मैंने कहा है कि सदन की सहमति हो, तो ।

अनेक माननीय सदस्य: नो ।

माननीय अध्यक्ष : मेरा प्रयास रहता है कि सदन अधिकतम समय तक चले, अधिकतम समय चर्चा हो ।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, आप हाउस को एक्सटेंड कीजिए । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप वरिष्ठ नेता हैं । अनुदान मांगों की चर्चा बुलेटिन के पहले होती है, उसके बाद नहीं होती है । Shri Suresh is the

sixth time Member of Parliament.

सदन की सहमति नहीं है, तो मेरा इतना आग्रह जरूर है ***कि*** आज रेल बजट पर देर रात तक चर्चा चलेगी और फ्राईडे को भी देर रात तक चर्चा चलेगी ।

13.14 hrs

MATTERS UNDER RULE -377*

माननीय अध्यक्ष : जिन माननीय सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामले को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने मामले व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख दें ।

…(व्यवधान)